कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–माध्य/छाप्रोप्र/ए/60171/SC-ST/2019–20 दिनांक : 20-08-2019

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
माध्यमिक–मुख्यालय

विषय : विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्ति योजनाओं हेतु सत्र 2019–20 के लिए शालादर्पण पोर्टल पर आवेदन करने की अंतिम तिथि के सम्बन्ध में।

जैसा कि आपके संज्ञान में होगा कि विभाग द्वारा प्रवेश की अंतिम तिथि बढाकर 31 अगस्त,2019 कर दी गई है। तद्नुसार विभिन्न छात्रवृत्तियों जिनके आवेदन पत्र शालादर्पण पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत किए जाने हैं की अंतिम तिथियां निम्नांकितानुसार संशोधित की जाती है :–

क्र.सं.	विवरण	प्रारंभ तिथि	अंतिम तिथि
(अ)	छात्र/छात्रा द्वारा संस्था प्रधान से रिक्त आवेदन पत्र प्राप्त करने एवं पूरित कर मय संलग्नक जमा कराने की कार्यवाही	01.07.2019	07.09.2019
(ब)	छात्र/छात्रा द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों को संस्था प्रधान द्वारा शालादर्पण पोर्टल पर ऑनलाईन करने की तिथि	01.07.2019	07.09.2019
(स)	निदेशालय प्रारंभिक शिक्षा/निदेशालय संस्कृत शिक्षा द्वारा निदेशालय माध्यमिक शिक्षा को समेकित प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	--	07.09.2019

उपरोक्त समस्त छात्रवृत्ति योजनाओं के आवेदन हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप, विस्तृत दिशानिर्देश, पात्रता एवं शर्ते, छात्रवृत्ति की दरें तथा संलग्न किए जाने वाले आवश्यक दस्तावेजों का विवरण शिक्षा विभाग की वैबसाईट education.rajasthan.gov.in/secondary पर उपलब्ध है (Home→Scholarship Section→Scholarships/Miscellaneous)। अतः आप अपने अधिनस्थ समस्त संस्थाप्रधानों को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शाला दर्पण पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण करने के आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान कर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें।

निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों के प्रस्ताव उक्त टाईमलाईन के अनुरूप निर्धारित 48 कॉलम की एक्सेल शीट मे प्राप्त कर समेकित करते हुए सॉफ्ट (Excel) एवं हार्ड (pdf-हस्ताक्षरित) प्रति में निदेशालय को ई–मेल के माध्यम से उपलब्ध करवाए जाने हैं।

20/8/19

प्रभारी अधिकारी छात्रवृत्ति
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि :–

1. उपशासन सचिव शिक्षा,(ग्रुप–6) विभाग राजस्थान,जयपुर
2. निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा,राजस्थान, बीकानेर कृपया अपने विभाग के समेकित प्रस्ताव दिनांक 07.09.2019 तक आवश्यक रूप से इस कार्यालय को उपलब्ध करवा देवें।
3. निदेशक, संस्कृत शिक्षा, राजस्थान, जयपुर कृपया अपने विभाग के समेकित प्रस्ताव दिनांक 07.09.2019 तक आवश्यक रूप से इस कार्यालय को उपलब्ध करवा देवें।
4. तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी.,राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर
5. उपायुक्त–तृतीय,राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद,जयपुर
6. प्रभारी अधिकारी, भामाशाह, डी.ओ.आई.टी., जयपुर
7. समस्त संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा) को अपने अधीनस्थ मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा–मुख्यालय, ब्लॉक जिला शिक्षा अधिकारी एवं संस्थाप्रधानों को समय पर शालादर्पण पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन भरवाने हेतु पाबन्द करते हुए प्रभावी मॉनेटरिंग करने हेतु।
8. अनुभाग अधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग,को विभागीय वेवसाईट पर अपलोड करने बाबत।

प्रभारी अधिकारी छात्रवृत्ति
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर